खबर संक्षेप

## जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 20 मार्च को

**कटनी**। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया है कि गुरुवार 20 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 125 में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। जिसमें फ्रीडम एम्पलाई एबिलिटी एकेडमी द्वारा साक्षात्कार रखा गया है। प्लेसमेंट ड्राइव में योग्यता स्नातक या स्नातकोत्तर पास कम्प्यूटर एवं अंग्रेजी का ज्ञान रखने वाले आवेदक साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। ऐसे इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच हो 20 मार्च को सुबह 11 बजे से साक्षात्कार में उपस्थित हो सकतें है। साक्षात्कार हेतु अंकसूची, आधार कार्ड, 02 फोटो, पैन कार्ड एवं बायोडाटा साथ लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है।

चयनित उम्मीदवारों को कन्हवारा, पहाडी, हिरवारा, जोहली, कौडिया, कैलवारा खुर्द, जरवाही, देवरी हटाई, पडुवा, चाका, पडरिया, कटंगी कला, शाहपुरा, जॉबी कलों, बिचुआ, गुलवारा, जोहला आदि स्थानों पर कार्य करना होगा एवं प्रतिमाह 13 हजार रुपये वेतन दिया जायेगा।

### किसानों को प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शन नहीं देने पर उद्यानिकी विभाग के समस्त स्टाफ का रोका वेतन

# लापरवाही पर सख्ती: 5 अधिकारियों को नोटिस सीईओ पर जांच संस्थित करने जारी किये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में सोमवार को नवीन सभाकक्ष में आयोजित समय - सीमा की बैठक में लंबित पत्रों, जनसुनवाई और लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों के निराकरण और विभागीय कार्यों, शासकीय योजनाओं सहित सी.एम.हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा कर अधिकारियों को इनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रकरणों के निराकरण के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह बनें। बैठक के दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत मौजूद रहे।

### सीईओ को लगाई फटकार

कलेक्टर ने बैठक मे जिले के 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग के बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड की धीमी गति और लचर कार्यप्रणाली पर नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करनें के निर्देश देते हुए सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को इस कार्य में गति लाने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री यादव नें ग्रीष्म ऋतु के प्रारंभ के मद्देनजर बिगड़े और खराब पड़े हेंडपंपों को सूचीबद्ध कर अभियान चलाकर इनका सुधार कार्य कराये जानें के निर्देश कार्यपालन यंत्री पीएचई के.एस.डामोर को देते हुए जिला एवं उपखंड स्तर पर स्थापित किये गए कंट्रोल रूम में नागरिकों की पेयजल से संबंधित प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करनें के निर्देश दिए।

### इन्हे जारी किया गया नोटिस

कलेक्टर श्री यादव नें बड़वारा में आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण में रूचि नहीं लेने वाले जनपद पंचायत बड़वारा के सीईओ, अधीक्षक भू-अभिलेख, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी, डीईओ, मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र और सीएमएचओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। वहीं सीईओ बड़वारा द्वारा कार्यो में बरती जा रही लापरवाही के लिए विभागीय जांच संस्थित करनें के भी निर्देश कलेक्टर श्री यादव ने दिए। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल के उपायुक्त की समय-सीमा बैठक में अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त के विरूद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव प्रेषित करनें के निर्देश दिए। वहीं मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत लगाए गए कैंपों के दौरान वाहन लाइसेंस के प्रकरणों में समुचित कार्यवाही नहीं करनें पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने शासकीय कन्या महाविद्यालय में वाहन लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नामांतरण बंटवारे से संबंधित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण , पीएम किसान, ई-केवायसी, फार्मर आईडी रजिस्ट्री के निराकृत प्रकरणों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी से संबंधित समुचित व्यवस्था के भी निर्देश दिए।

### वेतन रोकने के निर्देश

कलेक्टर श्री यादव ने उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक एवं परियोजना अधिकारी संत कुमार त्रिपाठी सहित योजना क्रियान्वयन से संबंधित समूचे स्टाफ के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उद्यानिकी विभाग द्वारा फसल गिरदावरी फल, सब्जी , मसाले और औषधीय पौधों की खेती आदि कार्य हेतु कृषकों को प्रोत्साहित और उचित मार्गदर्शन नहीं दिये जाने और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रकरणों मे कृषकों को क्षतिपूर्ति राशि दिलानें के मामले में प्रभावी एवं कारगर पहल नहीं किये जाने पर कलेक्टर ने गहन नाराजगी व्यक्त की।

इस दौरान सभी एस.डी.एम, जनपद पंचायतों के सीईओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित, जिला पंजीयक पंकज कोरी आदि की उपस्थिति रही।

## कीटनाशकों का अधिक उपयोग न करें किसान

**कटनी**। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग की विभिन्न किस्मों के माध्यम से उत्पादन किया जाता है। जिसमें किसानों के द्वारा फसल में आने वाली कीट व्याधि के नियंत्रण हेतु लगभग 4 से 5 बार कीटनाशक दवाओं का स्प्रे किया जाता है। साथ ही फसल को जल्दी पकाने हेतु विशेष कीटनाशक गिलाईफोसेट या पैराक्वाईड या डायक्वाईड नामक दवाओं का स्प्रे किया जाता है। दवाओं के छिड़काव से वातावरण एवं मूंग के दानों में हानिकारक प्रभाव डालने वाले अंश आ जाते हैं, जिसके कारण वर्तमान में विभिन्न प्रकार की बीमारियां आ गई हैं। अधिकतर मानव शरीर कैंसर नामक बीमारी से ग्रसित है। कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई है कि ग्रीष्मकालीन मूंग उत्पादन करते समय कीट व्याधि के नियंत्रण हेतु रासायनिक कीटनाशक दवाओं का उपयोग कम से कम कर जैविक कीटनाशक का उपयोग करें साथ ही फसल को जल्दी पकाने वाली कीटनाशक दवाओं का उपयोग कतई न करें।

*शिक्षा के साथ रोजगार स्थापित करने दिया जा रहा प्रशिक्षण*

# विद्यार्थियों को जैव उर्वरकों के उपयोग का दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में स्नातक स्तर की विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। यह प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर इंद्र कुमार पटेल की मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ मंजू द्विवेदी एवं विवेक चौबे के सहयोग से दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में जैव उर्वरकों का महत्व एवंफसलों में उपयोग की जानकारी दी गई । कृषि की वह पद्धति जिसमें विभिन्न प्रकार के जीवो जैसे जीवाणु कवक एक्टीनो माय सिटीज एवं शैवाल आदि को पहचान कर उनसे विभिन्न प्रकार के पर्यावरण हितैषी उर्वरक तैयार किए जाते हैं उन्हें जैव उर्वरक या जीवाणु खाद कहते हैं। नत्रजन स्थिरीकरण करने वाले जैव उर्वरक के अंतर्गत दलहनी फसलों के लिए राइजोबियम जीवाणु तथा गैर दलहनी फसलों के लिए एजेक्टोवैक्टर एजोस्पा इ रि लियम एसीटोबेक्टर अजोला एवं नील हरित काई आदि उपयोग में लाए जाते हैं। जो मृदा में वायुमंडलीय नाइट्रोजन स्थिरीकरण करके पौधों को उपलब्ध कराने में सहयोग करते हैं। स्फुर घोलकजैव उर्वरक के अंतर्गत फॉस्फेटिका कल्चर का उपयोग सभी फसलों के लिए करते हैं जैव उर्वरकों का उपयोग बीज उपचार भूमि उपचार जड़ एवं कंद उपचार नर्सरी उपचार करने से उत्पादन में कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत 15 से 20% उत्पादन में वृद्धि का तकनीकी प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया गया।

# पटवारी पर गंभीर आरोप लगा कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**कार्यवाही नहीं होने पर धरना प्रदर्शन किये जाने कही बात**

पार्षद पति ने एक पटवारी पर कई गंभीर आरोप लगाया है। पटवारी के निलंबन के लिए मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री, प्रभारी मंत्री सहित कटनी कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार को शिकायत भेजी है। शिकायतकर्ता मनोज गुप्ता ने बताया कि ग्राम खिरहनी पटवारी हल्का नंबर 41 के पटवारी द्वारा कार्य कराने के एवज में पैसो की मांग की जाती है।

शिकायत कर्ता ने अपनी शिकायत में बताया कि मेरे द्वारा ग्राम खिरहनी पटवारी हल्का नंबर अन्तर्गत 787.5 वर्ग फुट प्लाट क्रय किया गया है जिसका नामांतरण करने के लिए पटवारी पैसों की मांग की जा रही है। इसी तरह अन्य व्यक्तियों का भी नामांतरण नहीं किया जा रहा है। नामांतरण प्रकरण लोकसेवा केंद्र या न्यायालय तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत करने पर पटवारी प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के नाम पर 5 हजार रुपए की मांग की जाती है और नहीं देने पर गलत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है

शासन के नियमानुसार कोई भी पटवारी अपनी गृह तहसील में पदस्थ नहीं हो सकता लेकिन पटवारी गृह तहसील कटनी नगर होने के बावजूद वह कटनी नगर तहसील अंतर्गत वर्षों से पदस्थ है जिससे उसके हौसले बुलंद है। पटवारी को निलंबित कर उनके विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही ना किए जाने पर धरना प्रदर्शन किए जाने की बात कही है।

# अश्लील फोटो दिखा तुड़वा दी शादी, बेटी है लापता, एसपी से कार्यवाही करने मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एक युवक के द्वारा एक युवती को ब्लैकमेल करते हुए उसका विवाह होने से तुड़वा दिया। अब पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र के माध्यम से महिला ने बताया कि मेरी पुत्री की शादी तय हो गई। पुत्री की शादी की जानकारी जैसे युवक को लगी तो उसने मेरी पुत्री को फोन कर बहकाना शुरू कर दिया। पुत्री जब उसके बहकावे में नहीं आई तो उसने धमकाना चालू कर दिया। 03 मार्च को वह दिन के वक्त वह आया। उस समय घर मे ताला कोई नहीं था सभी लेग खेत में काम कर रहे थे, तब युवक ने घर की लाईट काटी और सूने घर का ताला तोड़कर नगद पैसा 10 हजार सहित चाँदी के जेवरात ले गया। पिता जब रात्रि में घर आये तो घर की हालत देकर सकते में आ गये। 4 मार्च को थाने में शिकायत लिखाने जा रहे थे तभी जानकारी लगी कि पुत्री जब पेपर देकर लोट रही थी तो युवक ने उसका मोबाईल छुड़ा लिया ओर भाग गया था। उसके बाद उसी मोबाईल से उसके होने वाले पति के मोबाईल पर गंदी फोटो भेजी ओर हमें धमकाया कि अगर थाने में रिपोर्ट करने गये तो अभी सिर्फ होने वाले दामाद के पास फोटो भेजी है। शिकायत करने गये तो तुम्हारी लड़की की फोटो व वीडियो है उन्हें वायरल कर दूंगा। उसके बाद दूसरे दिन होने वाले दामाद ओर उसके परिजन आए ओर रिश्ता तोड़कर चले गए।

10 मार्च को जब पुत्री पेपर देने जा रही थी तो युवक ने कहा की तुम्हारी मेरे साथ जो फोटो वीडियो है उन्हे अगर तुम मेरे से आखिरी बार अकेले मे मिलकर बात करने चलो तो डिलीट कर दूंगा, वर्ना कही का नही छोड़ूंगा, जिस पर बेटी उसके झांसे में आ गई और उसे वह ले गया ओर गायब कर दिया। फरियादिया ने संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि उसकी पुत्री का अपहरण कर उक्त आरोपी उसके साथ यौन उत्पीड़न करेगा और उसे किसी को बेंच भी सकता है, या फिर जान से मार सकता है।

महिला ने कहा कि पूरे मामले की शिकायत लेकर पुलिस थाना रीठी गये थे पुलिस द्वारा गुमशुदगी की शिकायत दर्ज की गई। आज तक पुत्री की कोई जानकारी नहीं लग रही है। फरियादिया ने पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही करने की मांग की है।

## जिले में 99.43 प्रतिशत गिरदावरी का कार्य पूर्ण

**कटनी**। रबी विपणन वर्ष 2025 के तहत जिले में 17 मार्च की अवधि तक कुल 99.43 फ़ीसदी गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिले की 9 तहसीलों के कुल क्षेत्रफल 437975.72 हेक्टेयर में से 435519.28 हेक्टेयर की गिरदावरी की जा चुकी है। जबकि निजी क्षेत्रफल के 286672.33 हेक्टेयर में से 285025.04 हेक्टेयर क्षेत्रफल की गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वहीं शासकीय क्षेत्रफल के 151303.39 हेक्टेयर में से 151280.01 हेक्टेयर क्षेत्रफल की गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। गिरदावरी के कार्य में तहसील रीठी, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़, कटनी, एवं स्लीमनाबाद द्वारा 100 फीसदी कार्य पूर्ण कर लिया है तो वही तहसील बड़वारा द्वारा 99.96 फीसदी कार्य किया गया है। इसी तरह शेष अन्य तहसीलों, तहसील बरही में 99.22 फीसदी, तहसील ढीमरखेड़ा में 98.93 फीसदी, कटनी नगर द्वारा 95.43 फीसदी, फीसदी गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### राधा कृष्ण की झांकी के साथ मनाया गया होली मिलन

# भाजपा कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भाजपा द्वारा जिला कार्यालय में भारत रत्न पंडित अटल बिहारी की जन्मशती वर्ष के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा जनों तथा अटल जी के साथ काम करने वाले नेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं में कहा कि अटल जी के साथ बीते पल उनके जीवन की अनमोल पूंजी है कटनी में अटल जी का आगमन के वक्त कटनी के नेताओं ने उनकी जोरदार अगवानी की थी 1997-98 के दौर में अटल जी का दो बार कटनी आगमन हुआ था इस दौरान उन्होंने कटनी में आम सभा के साथ-साथ भूमि पूजन तथा अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया था। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने कहा कि हमारा यह सौभाग्य है कि अटल जी के समकालीन तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त करने वाले नेताओं का आज हम सम्मान कर रहे हैं।

कार्यक्रम के उपरांत जिला भाजपा कार्यालय में भव्य होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकर्तागणों की उपस्थिति थी। होली मिलन कार्यक्रम में राधा कृष्ण की झांकी के शानदार नृत्य ने सभी को उत्साह से सराबोर कर दिया।

देर शाम तक जिला कार्यालय में खुशी के रंग से सभी कार्यकर्ता सराबोर दिखे। एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने होली मिलन में शामिल होकर उत्सव मनाया।



## खबर संक्षेप



### पवई यूथ गेम्स नेशनल चैंपियनशिप 2025 में पवई के खिलाड़ियों का जलवा

**पवई।** पन्ना में यूथ गेम्स आपडेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यूथ गेम्स नेशनल चैंपियनशिप 2025 में नया सबेरा नई उड़ान खेल अकादमी, पवई के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में 4 और बालक वर्ग में 6 से शानदार जीत दर्ज कर अकादमी ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अकादमी की अध्यक्ष वसुंधरा परमार ने विजेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर तरूण सिकरवार, प्रदेश उपाध्यक्ष खेल और खिलाड़ी प्रकोष्ठ एवं नया सबेरा नई उड़ान के संयोजक भी उपस्थित रहे। इसके अलावा गोसिया खान, डॉ. अंकित पांडे, चंद्रप्रताप सिंह, अमित अग्रवाल, राजेंद्र यादव, गुड्डू खली, और शरद नागर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। पवई के खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता ने पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह की लहर दौड़ा दी है।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**पन्ना।** अग्रवाल समाज की प्रतिष्ठित संस्था अग्र विकास समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस आयोजन में अग्रवाल समाज के परिवारों ने एकजुट होकर स्नेह भोज का आनंद लिया और इसके बाद पारंपरिक होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष ने बताया कि यह कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें समाज के प्रत्येक सदस्य को एक दूसरे के साथ संवाद का अवसर मिलता है, और विशेष रूप से बच्चों को समाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर को समझने का मौका मिलता है। समिति अध्यक्ष ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक सदस्य को एक दूसरे से मिलवाना और होली जैसे त्योहार के माध्यम से समाज में भाईचारे और प्रेम की भावना को बढ़ावा देना है। वे यह भी कहते हैं कि यह आयोजन समाज को नई दिशा देने का कार्य करता है और युवाओं को पुरानी परंपराओं से जोड़ता है। यह समारोह नगर के प्रतिष्ठित रेनबो पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया, जहाँ समाज के सभी सदस्य एकत्रित हुए। आयोजन के दौरान सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक तरीके से गुलाल और अबीर से होली खेली। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि केवल प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों का ही उपयोग किया जाए, ताकि स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इस तरह के आयोजन न केवल समाज के अंदर एकता और सौहार्द बढ़ाते हैं, बल्कि यह नई पीढ़ी को सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित भी कराते हैं। प्रत्येक व्यक्ति ने इस होली मिलन समारोह का भरपूर आनंद लिया और समाज के अन्य सदस्यों से जुड़ने का अनुभव किया।

सिंग्रामपुर पुलिस की अनोखी पहल, वाहनों चालकों को रोककर हेलमेट पहनने की दी हिदायत

# हेलमेट पहनने किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏩ सिंग्रामपुर

सिंग्रामपुर पुलिस ने एक अनोखी पहल की है, जिसमें उन्होंने सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान चालानी कार्रवाई नहीं की, बल्कि वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में समझाया। इस अभियान के दौरान, पुलिस ने लगभग 30 वाहन चालकों को हेलमेट पहनाया और उन्हें सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक महोदय की निर्देशन पर चलाया गया था, और सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुड़े के नेतृत्व में चलाया गया था। पुलिस ने दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया और बिना मानक के चलने वाले वाहनों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनने के लिए समझाया। इस अभियान के दौरान, पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनें। सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुड़े ने बताया कि आगे भी इसी तरह सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान प्रधान आरक्षक संतोष खरे जालम सिंह रणधीर सिंह आरक्षक राम मनोहर सैनिक शिव विश्वकर्मा चेकिंग अभियान में मौजूद रहे।

## ड्रिंक एंड ड्राइव मामले में दो वाहन जब्त



**दमोह।** ज़िला दमोह अंतर्गत यातायात पुलिस दमोह द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी दमोह के निर्देश पर निरीक्षक दलबीर सिंह एवं स्टाफ द्वारा नगर के मुक्ति धाम एवं सागर नाका पर सघन वाहन चैकिंग कर 36 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। उक्त 36 वाहनों पर कार्यवाही कर 11,000 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। पूर्व दिवस में एक ट्रक का चालक एवं एक मोटर साइकिल चालक ड्रिंक एंड ड्राइव करते पाए जाने पर दोनों वाहनों को ज़ब्त किया गया था जिसका प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिस पर माननीय न्यायालय ने क्रमशः 10,000 और 15,000 का जुर्माना लगाया गया।

## 16100 रूपये की की गई चालानी कार्यवाही

**दमोह।** जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गये निर्देशों के तहत जिले में परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा हैं। इसी क्रम में सागर रोड पर परिवहन अधिकारी द्वारा वाहनों की चैंकिग की गई। इस दौरान 16100 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी श्री सोनी ने बताया 11 वाहनों पर चालानी कार्रवाही की गई है।

वैकल्पिक आयोजन स्थल की उपलब्ध सुनिश्चित करने एसडीएम की अध्यक्षता में समिति गठित

# तहसील ग्राउण्ड परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त अन्य आयोजनों पर पूर्णतः प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏩ दमोह

अनुविभागीय दण्डाधिकारी दमोह, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भवन/सड़क) दमोह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह, नगर पुलिस अधीक्षक दमोह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दमोह एवं थाना प्रभारी यातायात दमोह के प्रतिवेदन से सह-अभिमत प्राप्त होने पर लोकहित, लोक स्वास्थ्य एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखने हुए स्थानीय तहसील ग्राउण्ड परिसर दमोह में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार के कार्यक्रम आयोजनों को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक पूर्णतः प्रतिबंधित किया है।

जारी आदेश में कहा गया है राष्ट्रीय पर्वों के शासकीय आयोजन, समस्त शासकीय कार्यक्रम, अतिविशिष्ट व्यक्तियों के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाली सार्वजनिक सभायें, खेल आयोजन (जिसमें संपूर्ण कार्यक्रम विशुद्धतः खेल-कूद से जुड़ा हो और इसमें किसी प्रकार की अन्य गतिविधियां/कार्यक्रम शामिल नहीं हों । साथ ही यदि उक्त खेल आयोजन अशासकीय हैं तो इसकी सक्षम प्राधिकारी से पूर्व लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगा। सक्षम प्राधिकारी अन्य विभागों के साथ-साथ खेल विभाग से अभिमत प्राप्त करेंगे। इस आदेश के तहत स्थानीय तहसील ग्राउण्ड में होने वाले कार्यक्रमों से मरीजों को असुविधा, यातायात बाधित होना, आम नागरिकों तथा तहसील ग्राउण्ड के आस-पास संचालित विद्यालयों, छात्रावासों में निवास करने वाले छात्र-छात्राओं को अत्याधिक असुविधा होती है और लोक न्यूसेंस एवं जान माल को खतरा बने रहने की स्थिति निर्मित होती है। इसके अतिरिक्त अन्य विशेष अपवादिक परिस्थितियों में अन्य किसी कार्यक्रम को आयोजित किया जाना है, तो उसकी अनुमति अपर जिला मजिस्ट्रेट दमोह से अनिम्न श्रेणी के अधिकारी द्वारा ही प्रदान की जा सकेगी। ऐसी अनुमति जारी करने के पूर्व अपर जिला मजिस्ट्रेट को इस तथ्य का समाधान करना अनिवार्य होगा कि किन विशिष्ट अपवादिक परिस्थितियों में ऐसे आयोजन की अनुमति देना जनहित में आवश्यक हो गया है। ऐसी अपवादिक अनुमति विस्तृत स्पीकिंग आदेश के माध्यम से एवं सभी संबंधित विभागों/हितबद्ध पक्षों की अनुमति, अभिमत, अनापत्ति प्राप्त करते हुये ही दी जा सकेगी।

तहसील ग्राउण्ड में कार्यक्रम के आयोजन पर प्रतिबंध लगाये जाने के फलस्वरूप आयोजकों को वैकल्पिक आयोजन स्थल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दमोह की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है। इस समिति में नगर पुलिस अधीक्षक, दमोह, यातायात प्रभारी दमोह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद दमोह, सदस्य होगें। यह समिति 20 अप्रैल 2025 तक अनिवार्य रूप से स्थल का चयन करेगी और 30 अप्रैल 2025 तक इसे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दमोह के स्तर से अधिसूचित कर दिया जायेगा, ताकि विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों की दृष्टि से किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर बैठक संपन्न



**हटा ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में समीपवर्ती ग्राम देवरा जामशा में 6 मई से 9 मई 2025 तक संपन्न होने वाले 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की चौथी पाक्षिक बैठक का शुभारंभ देव पूजन एवं गायत्री चालीसा पाठ से हुआ। बैठक में महायज्ञ हेतु 18 अप्रेल की तिथि भूमि पूजन हेतु तय की गई, महायज्ञ में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रचलित संस्कार परम्परा से क्षेत्रवासियों को लाभान्वित करने हेतु गांव गांव में दीपयज्ञ के माध्यम से पंजीयन करना भी तय हुआ। महायज्ञ हेतु सम्पूर्ण पंडाल एवं साउंड व्यवस्था के दानकर्ता यज्ञ संयोजक नारायण सिंह पटेल ने बैठक , आमंत्रण पत्रक, प्रचार वाहन दीवार लेखन आदि प्रयाज कार्यक्रम में होने वाले खर्च हेतु अंशदान एकत्रित करने की बात रखी। जिसमें गायत्री परिजन अरविंद, रामभजन, बालचंद एवं लक्ष्मण पटेल द्वारा तात्कालिक रूप से अनुदान की घोषणा हुई। कार्यक्रम में दुर्गा प्रसाद पटेल, लीलाधर पटेल, दीनदयाल पटेल ने भी अपने विचार रखे। उपजोन सहप्रभारी दिनेश दुबे ने बताया गायत्री सद्बुद्धि की देवी एवं यज्ञ सत्कर्म का पिता है। सर्वसमाज में सद्भावनाओं एवं सत्प्रवृत्तियों का अभिवर्धन करना ही इस महायज्ञ का प्रमुख उद्देश्य है। सभी को इस सत्कार्य में सहयोग कर प्रोत्साहन देना चाहिए। बैठक में हरिनारायण पटेल धनीराम दाहिया हरिचरण पटेल सहित युवा कार्यकर्ता राजकुमार, रामविशाल, भगवत,रामू,प्रकाश एवं गौरीशंकर पटेल की उपस्थिति रही।

# पांजी में जननेता हजारी ने किया होली मिलन समारोह

## ढोलक की थाप पर मनाया फागोत्सव, खूब उड़ी रंग गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏩ हटा



पांच दिवसीय रंगोत्सव होली के मद्देनजर नगर व क्षेत्र में होली मिलन समारोह की धूम मची है इसी श्रृंखला में रविवार की रात्रि समीपस्थ ग्राम पांजी में नगर के जननेता कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी के पैतृक आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहां जनप्रतिनिधियों ने भी आमजनों और कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर सामाजिक समरसता के प्रतीक होली मिलन में जमकर रंग गुलाल उड़ाकर खूब लुत्फ उठाया। जननेता के होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता पहुंचे और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मिलन समारोह में ढोलक की थाप पर नृत्यांगनाओं के घुंघरू की झनक के साथ बुंदेलखंड की प्रसिद्ध फाग के मधुर गीत गाते हुए लोगों ने जमकर नृत्य किया एवं एक दूसरे पर रंग गुलाल उड़ाया। इस दौरान कुंवर पुष्पेंद्र हजारी ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है आज भेदभाव को भुलाकर आपसी भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लेने का दिन है। यह बहुत खुशी की बात है कि आज सभी एक साथ खुशी का त्यौहार मना रहे हैं, रंग गुलाल सद्भाव और स्नेह का संदेश देता है उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह में विधायक उमादेवी लालचंद खटीक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, पंडित बृजेश दुबे, पार्षद देवेंद्र राय, नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे, मनीष चौरसिया, बबलू दुबे, लल्ला ताम्रकार, राजबहादुर पटेल, आनंद सिंह राजपूत, यासीन खान, पप्पू पठान सहित सैकड़ो की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर बरबाँसा में प्रारंभ



**दमोह।** एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर गोद ग्राम बरबाँसा में ग्राम भ्रमण कर किया गया। यह शिविर दिनांक 17 मार्च से 23 मार्च 2025 तक गोदग्राम बरबाँसा में आयोजित किया जाना है। इस विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत सरपंच लीला गौड़ की स्वीकृति एवं सहयोग से किया जा रहा है। यह आयोजन एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया, श्रीमती रति मलैया के कुशल नेतृत्व एवं कुलगुरू प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के निर्देशन में किया जा रहा है। इस अवसर पर एकलव्य विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरू प्रोफ़ेसर डॉ. पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा, मुख्य परीक्षा नियंत्रण डॉ. प्रकाश खम्परिया, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शैलेन्द्र जैन, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. हृदय नारायण तिवारी, डॉ. सुधीर गौतम के साथ ही फिजिकल इंस्ट्रक्टर श्री साहिल कुर्मी, सतेंद्र यादव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत पौधा देकर एवं स्वागत गीत के माध्यम से किया गया। इसके बाद रासेयो अधिकारियों के निर्देशन में स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं को बस से ग्राम पंचायत बरबाँसा के लिए प्रस्थान किया गया। ग्राम पंचायत बरबाँसा पहुँचकर शिविर के प्रथम दिवस में स्वयं सेवक-स्वयं सेविकाओं ने ग्राम भ्रमण कर गाँव की मूलभूत समस्याओं को चिन्हित किया। इसी तरह अलग-अलग दिवस में स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा, स्वच्छता, शैक्षिक जागरूकता, उन्नत कृषि, गौ वंश संवर्धन आदि विषयों पर शिविर के दौरान ग्रामीण जनों को जागरूक किया जाएगा। शिविर के प्रथम दिवस में कार्यक्रम के अंत में रासेयो अधिकारी डॉ. हृदय नारायण तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि एनएसएस इकाई अपने ध्येय वाक्य मैं नहीं आप को साकार करने की दिशा में समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक करने हेतु सतत प्रयासरत है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, स्वयं सेविकाओं एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति रही। सात दिवसीय विशेष शिविर शुभारंभ के अवसर पर ग्राम भ्रमण के बाद सभी स्वयंसेवकों ने समाज सेवा हेतु शपथ ली।

# मझगुवां हंसराज में हुआ होली मिलन समारोह



**सगोनी।** मझगुवां हंसराज निवासी साहिल सिंह लोधी ने रंगो के पर्व होली के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन रखा जिसमें क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिको ने बडी संख्या में सहभागिता की कार्यक्रम में डां चंदन सिंह लोधी जिला पंचायत सदस्य, केशरी सिंह ठाकुर (रेलवे ठेकेदार) ने सभी क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। इस रंगारंग कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर व गुलाल की सूखी होली खेल कर शुभकामनाएं व बधाईयां दी जिसमें आर्केस्ट्रा नृत्य कार्यक्रम व समरोज भोज का कार्यक्रम रखा गया जिसमें समस्त क्षेत्र वासियों ने गुलाल होली खेली।

# बहनों ने लगाया तिलक, भाई से सुरक्षा का मांगा आशीर्वाद



## नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर्षोल्लास से मनाया भाईदूज पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏩ तेंदूखेड़ा

भाई-बहन के इस अनोखे पर्व भाई दूज को सभी ने सेलिब्रेट किया। बहनों ने गुलाल का तिलक भाइयों को लगाया, तो वहीं भाई ने बहन को मिठाई खिलाई, उपहार भी दिया। दिन भर घरों से लजीज पकवानों की महक आती रही। शाम होते ही फैमिली संग घूमने का प्लान भी बनाया इस बार शनिवार और रविवार को भी भाई दूज कुछ घरों पर सेलिब्रेट किया गया। कहा जाए तो रंगों की होली का पर्व धूमधाम से मनाए जाने के बाद शहर में भाईदूज उल्लास देखने को मिला जिसमें बहनों ने भाइयों के लिए लम्बी आयु के साथ उनकी सफलता और उज्जवल भविष्य की कामना की। जैसे ही इसकी शुभघड़ी आई बहनों ने भाइयों को माथे में तिलक लगते हुए उनका मुह मिठा कराया और उसके लिए भगवान से लम्बी उम्र की दुआ मांगी। बहनों ने इस दिन के लिए पहले से जहां कई प्रकार की तैयारियां कर ली थी कई बहनों ने बताया की वे अपने भाई के पसंद के पकवान भी तैयार किए थे ताकि यह दिन उसके लिए स्पेशल हो इस मौके पर भाइयों ने भी बहनों की पसंद का ख्याल रखते हुए उन्हें खुश करने के लिए बदले में उपहार भेंट किए। जिसे पाकर बहनों के चेहरे भी खिल उठे सुबह से ही घरों में भाईदूज को लेकर भई, बहन में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

### इसलिए मनाते हैं भाई दूज

पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया है कि यमुना अपने भाई यम को अपने घर बुलाने के लिए हमेशा आग्रह करती थी, एक बार यम बहन यमुना के घर भोजन करने के लिए निमंत्रण पर पहुंचे यमुना ने भाई को तिलक वंदन कर स्वादिष्ट भोजन कराया। यम प्रसन्न होकर अपनी बहन से वरदान मांगने के लिए बोले, यमुना ने कहा यमद्वितीया के दिन जो भाई अपनी बहन से तिलक कराकर बहन के घर भोजन करेगा। उसको यम का भय नही होगा और आकस्मिक दुर्घटनाएं और आपत्ति विपत्ति अहित की घटना नही घटे।



रजनी श्रीवास्तव ने बताया कि होली के दूसरे दिन भी खूब मस्ती की भाई दूज पर सभी कजिन आए, जिनके साथ मिलकर गेम्स खेले और एक दूसरे को रंग भी लगाया अच्छी बात यह है कि हमें ढेर सारी स्वीट डिश खाने का मौका भी मिला भाई दूज काफी उत्सुकता भरा फेस्टिवल है इस दिन सुबह पहले भाई को तिलक लगाया और फिर साथ में आउटिंग भी की

**रजनी श्रीवास्तव**



जानकी साहू ने बताया कि भाईदूज के पर्व से त्योहार की खुशियों के रंग और भी ज्यादा निखर जाते हैं इस बार भाइयों ने हमें तोहफा दिया है।

**जानकी साहू**



रुपाली केवट ने कहा कि भाईदूज के लिए स्पेशल प्लान हमने किया था इसमें भाई के लिए घर में पकवान तैयार किए और उनका मुह मिठा कराया है।

**रुपाली केवट**



गुड़िया ठाकुर ने बताया कि भाईदूज से भाई-बहन के रिश्तों में और भी ज्यादा प्रेम बढ़ जाता है बहनों का आशीष भाइयों को ताकत देता है और वे सफल होते हैं।

**गुड़िया ठाकुर**

# मड़ियादो थाना प्रभारी को स्थानांतरण पर ग्रामीणों ने दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏩ मड़ियादौ

मड़ियादो थाना में पदस्थ प्रभारी ब्रजेश पांडे का स्थानांतरण मड़ियादो से कुम्हारी होने पर पुराना थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस कर्मियों, जन प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने शाल श्रीफल और पुष्पमालाओं से थाना प्रभारी का स्वागत कर विदाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शामिल डॉ रामगोपाल सोनी ने कहा शासकीय सेवा में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है। थाना प्रभारी ने आम जनमानस के मानस पटल पर अपनी लोकप्रिय छवि बनाई है। कानून पालन के साथ कानून के प्रति सम्मान और सदभाव उनके कार्यकाल में देखने ओर सीखने मिला। किशोर यादव सरपंच पाली ने कहा कि थाना प्रभारी ब्रजेश पांडे की कार्यशैली को मडियादो सहित ग्रामीण अंचल के लोग सराहना करते है। गांवों में मडियादो पुलिस पहुंचती है सभी को खुशी होती है। वहीं अंतिम वक्ता के रूप में थाना प्रभारी ने क्षेत्रवासियों के स्वभाव उनके सद्कार्यों में बढ़चढकर भाग लेने की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कभी भी अफवाह का चश्मा लगाकर किसी के आचरण को न माने। मिले, देखे, परखे फिर आचरण जाने। विदाई समारोह में कमलेश चौदह, राजेश पौराणिक, अभिषेक जैन ,विष्णु सोनी ,खूबचंद पटेल, राघवेंद्र पटेल, लक्ष्मी पटेल, पाली सरपंच किशोर यादव,आत्मा सिंह, देवेंद्र तिवारी सहित समस्त पुलिस अमला उपस्थित रहा उपस्थित रहा।

# आगामी त्योहारों के मद्देनजर व्यवस्थाओं का पूर्व निरीक्षण किया जाये-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर के निर्देशनुसार आगामी ईद-उल-फितर, चैत्र नवरात्रि, ज्वारे विसर्जन, रामनवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, अंबेडकर जयंती आदि त्योहारों/पर्वो के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आगामी सप्ताह में शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा है बैठक में प्रभावी निर्णय लेने और आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए यह आवश्यक है, कि शांति समिति बैठक के पूर्व अनुविभागीय दण्डाधिकारी अपने क्षेत्र में शांति समिति के सदस्यों एवं संबंधित विभागों यथा पुलिस, होमगार्ड, नगर पालिका, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्राम पंचायत आदि के साथ समन्वय स्थापित कर पर्वो से संबंधित सभी धार्मिक स्थलों, अन्य महत्वपूर्ण स्थलों, समस्त जुलूस मार्गो एवं ज्वारे विसर्जन स्थलों का पूर्व निरीक्षण सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, यातायात, विद्युत आपूर्ति, अतिक्रमण, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं, जल आपूर्ति एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का आकलन कर किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित विभागों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया जाए।

## खबर संक्षेप

### आज सुबह पंचमनगर बांध से सुनार नदी में छोड़ा जायेगा पानी

**दमोह।** हटा नगर में पेयजल की मांग पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल ने मुख्य नगर पालिका हटा को पत्र जारी कर कहा है कि 18 मार्च की सुबह 8 बजे से पंचम नगर परियोजना बांध से सुनार नदी में पानी छोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा पानी का संग्रहण समय-सीमा में कर लिया जाये जिससे ग्रीष्म काल में पेयजल की समस्या उत्पन्न न होने पाये।

### स्टाफ नर्स श्रीमती शुक्ला निलंबित

**दमोह।** कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर के अनुमोदन उपरांत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने श्रीमती निशा शुक्ला स्टाफ नर्स जिला चिकित्सालय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ज्ञातव्य है श्रीमती शायबा बी /फारुख खान उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम गैसाबाद तहसील हटा जिला दमोह के मातृ-मृत्यु प्रकरण में जिला चिकित्सालय में प्रसवोपरांत मृत्यु होने के उपरांत मातृ-मृत्यु समीक्षा बैठक में गठित समिति द्वारा प्रेषित अनुशंसा के आधार पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के अनुमोदन पर यह कार्यवाही की गई। निलंबन अवधि में श्रीमती शुक्ला का मुख्यालय सिविल अस्पताल हटा निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान नियम अनुसार निलंबन भत्ते की पात्रता होगी।

### फोटो निर्वाचक नामावली की तैयारी के संबंध में बैठक आज

**दमोह।** भारत निर्वाचन अयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान करते हुए निर्वाचक नामावली की शुद्धता एवं नाम परिवर्तन-निरसन की प्रक्रिया के अद्यतन निर्देशों से मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस हेतु आज 18 मार्च 2025 को शाम 05 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई हैं। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने जिले के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिवों से उक्त आयोजित बैठक में उपस्थिति होने हेतु आग्रह किया है।

### हॉकी मध्य प्रदेश को मिला पुरूस्कार

**दमोह।** हॉकी दमोह के विकास जैन ने बताया कि हॉकी मध्य प्रदेश को मिला एक्सीलेंस फरफारमेस हेतु पुरस्कार दिल्ली मे आयोजित हॉकी इंडिया के जुबली कार्यक्रम मे वर्ष 2024 मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर हॉकी मध्य प्रदेश महासचिव लोकबहादुर को हॉकी इंडिया महासचिव भोलानाथ ने। सम्मानित किया। हॉकी मध्य प्रदेश वर्ष सोलह से शानदार प्रदर्शन कर रहा है। इस उपलब्धि पर पूर्व मंत्री विधायक जयंत मलैया, सासद राहुल सिंह, पूर्व विधायक अजय टडन, उपाध्यक्ष विजय वर्मा, गोर मास्साब, ललित नायक, जगेनदर तोमर, राजेश सालोमन, हरिशंकर यादव, भगवान सिंह, आभा, कोच सरोज राजपूत, कफील विजय ठाकुर, संतोष सेन, राजीव, इमरान, तरूण, असार, विवियन जुबेर आदि ने बधाई दी है।

ग्रामीणों का आरोप;टूटी पुलिया के मरम्मत के नाम पर बोल्डर पत्थर भरकर कर दी रंग पुताई

# जलहरी सड़क मार्ग में टूटी पुलिया से वाहन चालकों को हादसे का डर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जबलपुर स्टेटहाईवे से जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण जलहरी मुख्य सड़क मार्ग पर तीन-चार माह से टूटी पड़ी पुलिया से वाहन चालकों को हादसे का डर बना हुआ लेकिन सड़क रिपेयरिंग के दौरान पुलिया की रिपेयरिंग बोल्डर पत्थर भरकर डामलीकरण कर दिया गया है। टूटी पुलिया के ऊपर से ठेकेदार द्वारा रंग पुताई कर दी गई। टूटी पुलिया की न तो मरम्मत की गई है और ना ही नवीन निर्माण किया गया है। टूटी पुलिया को ढक दिया गया है जबकि पुलिया नीचे से पूरी तरह से टूट चुकी है और सड़क पर बड़ा गड्ढा हो गया है। यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए यह टूटी पुलिया का गड्ढा कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। जलहरी सरपंच प्रतिनिधि जीवन सिंह ने बताया दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे से जोड़ने वाली जलहरी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क पर बनी पुलिया नीचे से टूट चुकी है। बावजूद इसके सड़क रिपेयरिंग के दौरान निर्माण एजेंसी के द्वारा टूटी पुलिया की मरम्मत नहीं की गई है और टूटी पुलिया के गड्ढे में पत्थर बौल्डर भरकर ढक दिया गया है। और ऊपर से डामलीकरण कर दिया गया था जिसके चलते टूटी पुलिया का बड़ा गड्ढा हो गया है और 24 घंटे निकलने वाले वाहन कभी भी बड़ा हादसा घटित होने का खतरा बना हुआ है। बावजूद इसके विभागीय अधिकारी टूटी पुलिया के सुधार कार्य के नाम पर लीपापोती करके अपनी कर्तव्यों से इति श्री कर चुके हैं। ग्रामीणों ने टूटी पुलिया की मरम्मत की मांग शासन प्रशासन से की है।स्टीमेट भेज दिया है।

### नवीन पुलिया का निर्माण होगाः इंजीनियर

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के इंजीनियर मुकेश पांडे का कहना है जबेरा जनपद के जलहरी मार्ग पर 20 से 25 साल पुरानी पुलिया है टूटी पुलिया रिपेयरिंग रोक दी गई थी एस्टीमेट भेजा गया है नवीन पुलिया का निर्माण किया जाएगा।

हायर सेकेंडरी परीक्षा के अंतर्गत रसायन शास्त्र एवं इतिहास विषय की परीक्षा संपन्न

# कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**परीक्षा केंद्र जोरतला में निर्देशों के बावजूद मोबाइल पेटी विधिवत शील्ड न होने पर जताई नाराजगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सोमवार को जिले के 77 परीक्षा केंद्रों पर रसायन शास्त्र तथा इतिहास विषय के प्रश्न पत्र का आयोजन हुआ। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने परीक्षा केंद्र जोरतला, टोरी, इमलिया घाट, तेजगढ़ तथा खमरिया बिजोरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जोरतला में बाथरूम की साफ-सफाई सही ना पाए जाने पर संबंधित संस्था के प्राचार्य को परीक्षा उपरांत समस्त व्यवस्थाएं ठीक करने हेतु निर्देशित किया। टौरी परीक्षा केंद्र में हाल में आयोजित परीक्षा कक्ष का पार्टीसन सही न होने पर केंद्र अध्यक्ष को निर्देशित किया कि पार्टीशन सही कराएं। परीक्षा केंद्र तेजगढ़ तथा बिजोरा खमरिया में परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित पाई गई। सभी कैमरे चालू स्थिति में मिले। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्र फुटेरा कला में दो परीक्षार्थियों द्वारा आपस में उत्तर पुस्तिकाओं की अदला बदली की स्थिति देखे जाने पर कलेक्टर श्री कोचर ने जिला शिक्षा अधिकारी को संबंधित कक्ष के पर्यवेक्षक एवं केंद्र अध्यक्ष पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

### जहरीले पदार्थ का सेवन, जवानों ने कराया अस्पताल में भर्ती

**दमोह।** दमोह के थाना बटियागढ़ क्षेत्र में एक व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया । यह सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 17-03-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल बटियागढ़ थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक साकेत तिवारी एवं पायलेट आनन्द ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात कारणों से एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। डायल-112/100 स्टाफ द्वारा पीड़ति व्यक्ति को एफ आर व्ही वाहन से बटियागढ़ अस्पताल में भर्ती करवाया । डायल -112/100 जवानों की तत्परता से पीड़ति व्यक्ति को समय पर उपचार मिला।

# ग्रीन कॉरीडोर बनाकर हटा से महिला पेशेंट को जिला अस्पताल शिफ्ट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



हटा विकास सबडिवीजन के ग्राम आबदा की एक महिला जिसकी आज ही प्रसव पीएचसी हिनौता में हुआ था। इसे समस्या आने पर पीएचसी हिनौता के स्वास्थ्य कर्मियों ने तत्काल सिविल अस्पताल हटा के सीबीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल को सूचना दी। तत्काल डॉ. पटैल द्वारा जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और एसडीएम हटा एवं एसडीओपी हटा को जानकारी देकर पेशेंट की गंभीर स्थिति को देखते हुए हिनौता से उक्त महिला को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हटा लाया गया, वहां पर चिकित्सकों द्वारा इमरजेंसी उपचार एम्बुलेंस में लेकर ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण जिला कलेक्टर श्री कोचर के निर्देश पर सुनिश्चित किया गया। इस महिला पेशेंट को लेकर हटा से ग्रीन कॉरीडोर बनाकर जिला अस्पताल दमोह लाया गया। डॉ. उमाशंकर पटेल ने दमोह जिला अस्पताल में पेशेंट की गंभीर स्थिति के बारे में पूर्व में ही अवगत करा दिया गया था, यहां पर मेडिकल टीम पूरी तरह से तैयार थी, पेशेंट के पहुंचते ही उसे समुचित उपचार दिया गया, जच्चा और बच्चा स्वस्थ है। डॉ. पटैल ने बताया इस पेंशेट को हटा से दमोह पहुंचने में करीब 30 मिनिट का वक्त लगा। यह संभव हुआ पुलिस और अधिकारियों की बेहतर रणनीति से। इस पूरे मामले में सीबीएमओ डॉ. उमाशंकर पटैल, हटा एसडीएम राकेश सिंह मरकाम और हटा एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन की बेहतर रणनीति रही। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने ग्रीन कॉरीडोर बनाकर महिला पेशेंट को न्यूनतम समय में जिला अस्पताल पहुंचाने पर सभी को बधाई दी। यह महिला पेशेंट जो कि गंभीर स्थिति में थी, सफल रणनीति से लगभग 30 मिनट में हटा से जिला अस्पताल पहुंच गई और अब वह महिला पेशेंट जिसकी आज डिलेवरी हिनौता पीएचसी में हुई थी, पूरी तरह से ठीक है और जिला अस्पताल में उसका उपचार जारी है। श्री कोचर ने स्वास्थ्य विभाग के सीबीएमओ डॉ. पटैल व उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

# जंगलों में लगी भीषण आग वन विभाग की बनी चुनौती





बनवार। दमोह जिले के तेजगढ़ रेंज की पारना बीट के डेलनखेड़ा के पास जंगल में भीषण आग लग गई है। यह आग बीते दो दिनों से लगी हुई है और तेज हवाओं के कारण वन अमले को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। जंगल में आग लगने से कई वन्य जीवों के रहवास भी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। आग इतनी भीषण है कि दूर से ही आग की लपटें और धुआं दिखाई दे रहा है। रात्रि के समय तो पूरा जंगल आग की लपटों से घिर जाता है। डिप्टी रेंजर चंद्र नारायण चौबे ने आग की सूचना पर अमले के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर नियंत्रण पाने के लिए प्रयास शुरू किए गए। गर्मी शुरू होने के साथ जंगल में आग लगने की घटनाएं सामने आने लगी हैं। इस आग से जंगल में लगे वनस्पति पौधे, पेड़, छोटे जीव आदि जल जाते हैं। आग लगने का कारण अज्ञात है, लेकिन वन अमला आग बुझाने का प्रयास कर रहा है। विनोद साहू, झलकन साहू, घनश्याम रैकवार और वन विभाग की पूरी टीम आग बुझाने में जुटी हुई है।

# दमोह में फूलों की खेती से खिले किसानों के चेहरे



**बनवार।** जिले के गांव एरोरा के किसान भूरा पटेल अब पारंपरिक खेती को छोड़ कर फूलों की खेती में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। गेहूं और धान की खेती में लागत अधिक और उपज कम की समस्या से परेशान किसान कम लागत में अधिक मुनाफा वाली फसलों की ओर रुख कर रहें हैं। किसानों ने परंपरागत खेती से हट कर फूलों की खेती शुरू कर दी है, जिसमें वे लाखों कमा रहें हैं और समृद्ध भी हो रहे हैं।

### दो दशक फूलों की खेती में आजमा रहे किस्मत

दमोह जिले के एरोरा गांव में फूलों की खेती कर रहे किसान भूरा पटेल लाखों का लाभ कमा रहे हैं। किसान की माने तो फूल की खेती में लागत और मेहनत कम है और हर 3 से 6 माह में पैसा रिटर्न आने लगते हैं। किसान बताते हैं कि इस फसल में उधार आदि का भी कोई झंझट नहीं है, जिसे फूल चाहिए होता है, वह नगद पैसे देकर फूल ले जाता है. यहां के फूल दमोह बांदकपुर मंदिर में जाते है और 10 से 15रु की लागत में सालाना एक से डेढ़ लाख रुपए की कमाई हो जाती है। गेंदा और नौरंगा फूल की खेती करने वाले किसान भूरा पटेल बताते है कि ग्गेंदा की खेती बहुत आसान है। इसमें मेहनत बिलकुल न के बराबर ही है। उन्होंने 1 एकड़ में गेंदा फूल की फसल लगाई हुई है, जिसमें लागत निकालने के बाद भी साल में करीब 1 से सवा लाख रुपए से अधिक का बचत हो जाता है. की खेती में वह और उनकी पत्नी ही काम करते हैं और किसी अन्य मजदूर की भी आवश्यकता नहीं पड़ती है। हर 2-3 दिनों में फूल आ जाते है, दमोह एवं बांदकपुर में डिमांड के हिसाब से आसानी से बिक जाते हैं।

# त्याग से ही भगवान बन सकते हैं: आचार्य विहर्ष सागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



त्याग से ही भगवान बन सकते हैं। संसार को त्यागे बिना कोई मोक्ष नहीं जा सकता है। मनुष्य मालिक बनेगा तो गुलाम हो जाएगा। क्योंकि वह जिस चीज का मालिक बनता है। उसे उसकी चिंता हो जाती है। चिंता चिता के समान होती है। हमारा जीवन दर्पण की तरह होना चाहिए। दर्पण टूट कर भी झूठ नहीं बोलता और हम टूटने के डर से सत्य नहीं बोलते। एक दर्पण में सारे शास्त्रों का निचोड़ होता है। दर्पण सभी का समान रूप से स्वागत करता है। वह किसी के साथ भेदभाव नहीं करता जो जैसा होता है उसको वह वैसा ही आइना दिखा देता है। सबका स्वागत करता है किंतु संग्रह कुछ नहीं करता। जैन दर्शन यही कहता है। सबका स्वागत करो लेकिन किसी का कुछ ग्रहण नहीं करो। दर्पण की तरह अपने मन को सदैव स्वच्छ रखो तो मन सदैव निर्मल रहेगा निर्मल मन ही तीर्थ है। उपरोक्त विचार आचार्य श्री विहर्ष सागर जी महाराज ने दमोह नगर आगमन पर नन्हे मंदिर जैन धर्मशाला में अपने मांगलिक प्रवचनों में अभिव्यक्त किया। इसके पूर्व प्रातः काल अचार्य संघ के कुंडलपुर से पद विहार करते हुए दमोह नगर आगमन पर समाज के द्वारा भव्य अगवानी की गई। धर्मपुर नाका पर एकत्रित समाज के युवा वर्ग और बुजुर्गों ने बहुत उत्साह पूर्वक मुनि संघ की अगवानी की मंगल अगवानी में दिगंबर जैन पंचायत शाकाहार उपासना परिसंघ नन्हे मंदिर कमेटी जैन मिलन आदि संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य गण सम्मिलित रहे।

# जंगल में पेड़ पर लटका मिला नौवीं कक्षा के छात्र का शव, पुलिस ने शुरू की जांच

**तेंदूखेड़ा।** थाना क्षेत्र के दरौली निवासी कक्षा 9 वीं के छात्र का शव जंगल में पेड़ से लटका हुआ पर मिला है। मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। पहली नजर में मामला आत्महत्या से जुड़ा बताया जा रहा है। वहीं, परिजन इसे परीक्षा में फेल होने के कारण निराशा में उठाया गया कदम मान रहे हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है पिता सरल पाल के अनुसार 16 वर्षीय कृष्ण पिता सरन पाल सीएम राइज स्कूल कक्षा नौंवी में अध्ययनरत था। बीते दिनों उसका परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, तो किसी दोस्त ने मोबाइल फोन पर कृष्ण को फेल होने की सूचना दी थी। कृष्ण ने अपना रिजल्ट देखा तो वह काफी निराश हो गया था। रिजल्ट आने के कुछ ही घंटे बाद छात्र बिना बताए घर से चला गया था। छात्र की खोजबीन शुरू की गई , लेकिन देर शाम तक कुछ पता नहीं चला जिसके बाद परिजनों ने तेंदूखेड़ा थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी। जहां पुलिस ने छात्र के लोकेशन को ट्रेस किया, देर रात गांव से ही कुछ दूर जंगल में लोकेशन ट्रेस हुई, जहां पुलिस मौके पर पहुंची तो छात्र का शव पेड़ से लटका हुआ दिखाई दिया। जहां शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। तेंदूखेड़ा पुलिस के अनुसार मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है। शव फंदे पर लटका मिला है, मौत कैसे हुई पीएम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ होली मिलन समरोह

**प्रशासनिक अधिकारियों के शामिल होने से समारोह गरिमामय रूप से सानंद संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा







नगर में हटा विधानसभा क्षेत्र की विधायक उमा देवी लालचंद खटीक के मुख्य आतिथ्य में सदभाव भाईचारे से होली मिलन समारोह रंगारंग प्रस्तुतियों से सानंद संपन्न हुआ। प्रशासन के मुखिया कलेक्टर श्री कोचर एवं पुलिस कप्तान श्री सोमवंशी के समारोह में शामिल होने से समारोह गरिमामय वातावरण में विधायक प्रतिनिधि भरत पटेल द्वारा आयोजित किया गया। भारत माता के पूजन से समारोह का शुभारंभ हुआ। गुलाल का जमकर प्रयोग किया गया। अधिकारियों का स्वागत सम्मान व स्मृति चिन्ह देकर भरत पटेल ने सम्मान किया। अधिकारियों ने सभी उपस्थित जन समूह को होली की शुभकामनायें दी व होली का हर रंग उनके जीवन में सुख समृद्धि दे ऐसी मंगल भावना प्रस्तुत की। विधायक उमा देवी खटीक ने स्वागत तो लालचंद खटीक ने आभार माना। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, हटा क्षेत्र के प्रभावी नेता कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह हजारी, बहादुर पटेल, अमानगंज नगर परिषद अध्यक्ष सारिका खटीक, सहित क्षेत्र के भाजपा के मंडल अध्यक्ष भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता, शासकीय अधिकारी कर्मचारी, पत्रकारबंधु व क्षेत्र का जनसमूह उपस्थित रहा। सभी ने गुलाल लगा कर परस्पर होली की शुभकामनायें दी। अतिथियों ने भी सभी को शुभकामनायें दी। सभी अतिथियों ने पत्रकारों को पुष्पाहार शाल श्रीफल व समृति चिन्ह देकर आयोजक भरत पटेल ने सम्मान किया। समरोह के दौरान नाराज कहे जाने वाले भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता भी पहुंच कर विधायक से होली के रंग में सराबोर दिखे। विशेष रूप से बुलाई गई डांसरो द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई जिसका सभी ने आनंद लिया। कार्यक्रम व्यवस्था में भरत पटेल एवं मंडली के सभी साथियों का सक्रिय सहयोग रहा। कमलेश जैन, पूरन सिंह, दीपक ताम्रकार, मोहन ताम्रकार, रामकुमार ताम्रकार, गोविन्द चौरसिया, संजय पालीवाल, सत्यम सिंह राजपूत, नीतेश बडकुल, आनंद सिंह, दिनेश गुप्ता सहित सभी साथी स्वागत व व्यवस्था में सक्रिय रहे। संचालन में राजू आचार्य, मुकेश गूजरे एवं लालचंद खटीक स्वयं जुडे रहे। अंत में आयोजक भरत पटेल ने सभी का आभार माना एवं इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा की।

**न्यायालय सहायक अधीक्षक, नजूल नवकरण, दमोह**

क्रमांक क्र./प्रवा.सू.अधि.नं./25 दमोह दिनांक 03/03/2025

**नोटिस**

जरिए नोटिस के सूचित किया जाता है कि आवेदक देवेन्द्र पिता नन्हेभाई निवासी असाटी वार्ड 01 दमोह द्वारा नजूल शीट नं. 32-33 प्लाट नं. 3057 रकवा 0.24 डिस. पर रजि. विक्रय पत्र वर्ष 1985 के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जिसकी कार्यवाही प्रचलनशील है ।

उक्त प्रचलनशील प्रकरण में अनावेदकगण 1- सुखदेव वल्द रामसहाय उपाध्याय 2- रामसजीवन व. सुंदरलाल उर्फ श्यामसुंदर उपाध्याय 3 - सचिन व. संजीव उपाध्याय 4- राहुल व. संजीव उपाध्याय 5 - शिवम व. संजीव उपाध्याय 6 - शनि उर्फ सत्यम व. संजीव उपाध्याय 7- श्रीमति ऊषा वेबा संजीव उपाध्याय 8- अजित व. अनिल उपाध्याय 9- अमित व. अनिल उपाध्याय 10- स्वामी व अनिल उपाध्याय 11 - श्रीमति कमला वेबा अनिल उपाध्याय समस्त निवासी असाटी वार्ड नं. 01 दमोह की उपस्थित हेतु प्रकरण दिनांक 03.04.2025 को सुनवाई हेतु नियत है ।अत: आप कक्ष क्र. 35 जिला कलेक्ट्रेट में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा की स्थिति में यह मान लिया जावेगा कि आपको उक्त प्रकरण में कुछ नहीं कहना एवं प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनंक 03/03/205 को जारी ।

सहायक अधीक्षक
नजूल नवकरण दमोह